# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांकः 623/पी0ए0/2022 दिनांकः 14/10/2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,

समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

विषयः विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से सभी प्रवेशित छात्र/छात्राओं का पंजीकरण शुल्क जमा कर प्रवेश कन्फर्म करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक पत्रांकः 596/पी0ए0/दिनांक–02.10.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा 10 अक्टूबर, 2022 तक प्रवेश कन्फर्म करने तथा 13 अक्टूबर, 2022 तक प्रवेशित छात्र/छात्राओं का पंजीकरण शुल्क भी विश्वविद्यालय के खाते में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु कुछ तकनीकी कारणों से अब इस व्यवस्था में आंशिक रूप से परिवर्तन किया गया है तथा यह निर्णय लिया गया है कि समस्त महाविद्यालय प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रोसेसिंग शुल्क विश्वविद्यालय के खाते में सीधे न जमाकर महाविद्यालय प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय की वेबासाइट https://admission.msdsuonline.in पर **कालेज लागिन के लिए दिए गए** लिंक पर क्लिक कर अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए लॉगिन करे, तदोपरांत "Registration Payment" के लिंक पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन शुल्क रू **200/–प्रति छात्र दिनांक 18.10.2022 तक सकारात्मक रूप से जमा करना सुनिश्चित करें।**

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)

कुलसचिव

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वेबसाइट प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. मीडिया प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों के समस्त संस्करणों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner